समाचार

# नाला, पुलिया, सड़क संबंधी कार्यो में आवश्यक तेजी लायें–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण)



कोरबा 02 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों से कहा है कि मानसून के आगमन को देखते हुए निगम द्वारा किए जा रहे नाला, पुलिया व सड़क संबंधी निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लायें ताकि बरसात से पूर्व इन कार्यो को अंतिम रूप दे दिया जाए तथा बरसात के समय पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित हों तथा जलभराव की समस्या उत्पन्न न हों।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज नाला, पुलिया, सड़क संबंधी विभिन्न निर्माण कार्यो का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा उक्ताशय के निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक रोड पर के.सी.सी. कालेज के समीप से मुड़ापार तक बनने वाले नाला के निर्माण कार्य एवं उक्त सड़क पर नाला के ऊपर पुलिया निर्माण तथा सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यो में और अधिक तेजी लाएं तथा कार्य के दौरान पानी निकासी हेतु लेवल का पूरा ध्यान रखें ताकि पानी निकासी समुचित रूप से हो

सके। इसके साथ ही सड़क निर्माण कार्य में स्लोप का विशेष ध्यान रखें ताकि सड़क पर पानी का जमाव न हों। महापौर श्री प्रसाद ने बुधवारी बाजार, महाराणा प्रताप चौक आदि स्थलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों व नाला, नाली आदि संबंधी कार्यो में तेजी लाएं, अवरोधों को दूर करें तथा मानसून आगमन से पूर्व कार्यो को पूरा करें ताकि जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न न हों।

भ्रमण के दौरान अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे एवं राजेश पाण्डेय, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, पीयूष राजपूत आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।